**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ**
**( मानित विश्वविद्यालय )**
**बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६**

क्रमांक: एफ.9(73)लाबशा/विकास/2017/2740 दिनाँक 22.03.2017

23

## कार्यालय आदेश

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ में वित्तीय वर्ष 2016-17 के अन्तर्गत दिनांक 24 मार्च से 26 मार्च, 2017 तक 'अखिल भारतीय वैदिक संगोष्ठी' के आयोजन की स्वीकृति माननीय कुलपति द्वारा निम्नानुसार प्रदान की गई है :-

1. इस संगोष्ठी का आयोजन महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ के संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा ।
2. संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 24 मार्च से 26 मार्च, 2017 तक वाचस्पति सभागार एवं लघु सभागार में किया जायेगा (दिनांक 24 मार्च को वाचस्पति सभागार प्रात: 10.00 बजे से 1.00 बजे तक ही उपलब्ध रहेगा)।
3. महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा संगोष्ठी के आयोजनार्थ रू0 70,000/- का बजट स्वीकृत किया गया है । संगोष्ठी में मानदेय एवं यात्रा बिलों का भुगतान महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा सीधे किया जायेगा ।
4. संगोष्ठी के आयोजनार्थ 12वीं पंचवर्षीय योजना के सेमीनार/कांफ्रेंस मद से वेद वेदांग संकाय हेतु निर्धारित रू0 60,000/- संयुक्त संगोष्ठी के व्यय में समाहित किये जायेंगे । रू0 60,000/- का बजट विवरण संकाय प्रमुख-वेद-वेदांग द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा ।
5. प्रो0 हरिहर त्रिवेदी (वेद वेदांग संकाय प्रमुख एवं संगोष्ठी प्रमुख) से अनुरोध है कि वे संगोष्ठी के आयोजन एवं संबंधित व्यय हेतु महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा जारी दिशा-निर्देशों/बजट का अनुपालन करें ।
6. कार्यक्रम में फोटो एवं वीडियोग्राफी का कार्य श्री जंगापल्ली महेन्द्र, पुस्तकालय परिचर द्वारा किया जायेगा ।

(ए.के.टण्डन)
उप कुलसचिव (विकास)